स्तर 2 (सप्ताह 11)

गपशप/ बातचीत करना

उद्देश : बच्चों की अभिव्यक्ति का विकास होना|

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- परिवार के साथ अलग-अलग विषयों पर, आसपास घट रही घटनाओं पर बातचीत करें, सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत करें? आसपास घट रही घटनाओं पर अपनी राय दें| अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें आदि| जैसे- आपका पसंदीदा गीत कौन-सा है? क्या आपको भी बचपन में कभी डांट पड़ी थी? क्यों? आपका स्कूल कैसा था? आपकी सबसे पसंदीदा टीचर कौन थी? पशु-पक्षी का घर कहाँ है? क्या उनका भी परिवार होता है? आदि|

चित्रकला

उद्देश : चित्र बनाने की कला विकसित होना।

साहित्य : चित्रकला की कॉपी, पेन्सिल, रबड़

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- आपकी किताब में दिया गया कोई भी एक चित्र अपनी कॉपी में बनाएँ और उस चित्र को कोई भी एक नाम दें|